कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश

23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोड:- 211002

दूरभाष सं0/ फैक्स नं0:- 0532-2466769, 0532-2467504 Website: https:\\updeled-gov-in

ई-मेल आई डी:- secretarypnp.up@gmail.com, updeled@gmail-com

विज्ञप्ति

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2022 हेतु ऑन-लाइन आवेदन

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2022 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं० 508/अरसठ-4-2022-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4, दिनांक 09.06.2022 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों, सी0टी0ई0 वाराणसी तथा निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थानों, जिन्हें एन0सी0टी0ई0 की मान्यता उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संबद्धता प्रदान की गयी है, में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण-2022** हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हुए अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि -

1. **अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन में अंकित प्रविष्टियों में संशोधन का कोई अवसर देय नहीं है।** अतः अभ्यर्थी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2022 ऑनलाइन आवेदन के समय पंजीकरण फार्म फाइनल सेव होने से पूर्व, अपने ऑनलाइन अंकित प्रविष्टियों का मिलान, मूल अभिलेखों से अवश्य कर लें।
2. डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2022 ऑन लाइन आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं दिशानिर्देशों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
3. डी०एल०एड० प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकार से सम्बद्धता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा भी डी०एल०एड० प्रशिक्षण 2022 के अन्तर्गत प्रवेश/चयन की कार्यवाही, उक्त शासनादेश दिनांक 09.06.2022 में निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आयु एवं शासनादेश दिनांक 09.06.2022 के बिन्दु सं0 11 में अल्पसंख्यक संस्थानों हेतु दिये गये निर्देशानुसार सम्पादित की जायेगी।
4. ऑनलाइन आवेदन हेतु शैक्षिक अर्हता, आयु, आवेदन शुल्क, चयन का मानक एवं अन्य शर्तों सहित सामान्य एवं परिचालन सम्बन्धित तकनीकी दिशा-निर्देश वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर ऑन लाइन पंजीकरण फार्म, आवेदन शुल्क जमा करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का लिंक एवं ऑन लाइन आवेदन-पत्र उपलब्ध हैं। इस हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है :

1	ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	15.06.2022 (अपराह्न से)
2	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	06.07.2022
3	ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	07.07.2022
	पूर्ण आवेदन का प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि	09.07.2022

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे ।

(अनिल भूषण चतुर्वेदी)

सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पत्रांक : डी0एल0एड0 प्रशि0 2022/1771-73/2022-23

दिनांक : 09 जून, 2022